# राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्

डॉ0 राधाकृष्णन शिक्षा संकुल परिसर, पंचम ब्लॉक, पंचम तल,जे0एल0एन0मार्ग, जयपुर

Email-rajsmsaraa@gmail.com फोन नं.–0141–2703544

क्रमांक : रास्कूशिप / जय / RAA/ समग्र दिशानिर्देश/2025–26 / दिनांक :

## राष्ट्रीय आविष्कार अभियान

### विज्ञान मेला / विज्ञान प्रदर्शनी, क्विज प्रतियोगिता एवं पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन : प्रारम्भिक से उच्च माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों हेतु दिशा निर्देश 2025–26

मेला न केवल मनोरंजन का साधन है अपितु ज्ञानवर्धन का अभिप्रेरक भी है। देश की सांस्कृतिक, सामाजिक परम्पराओं से जुड़ा होना इस बात का प्रमाण है कि मेले, जन मानस में एक अपूर्व उल्लास, उमंग व नवऊर्जा का प्रवाह संचरित करते हैं। इन्हीं बातों को ध्यान में रखते हुए शिक्षा में नवाचारों, अन्वेषणों, वैज्ञानिक दृष्टिकोंण, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के प्रति विद्यार्थियों की जिज्ञासा व समझ को बढावा देने के उद्देश्य से विद्यालय, जिला तथा राज्य स्तर पर प्रारम्भिक से उच्च माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों हेतु विज्ञान मेला / विज्ञान प्रदर्शनी, क्विज प्रतियोगिता एवं पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया जाना विद्यार्थियों के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण एवं हितकारी है।

**उद्देश्य**

- विद्यार्थियों को वैज्ञानिक अन्वेषण के अवसर उपलब्ध करवाना ताकि वैज्ञानिक सोच एवं अन्वेषण प्रवृत्ति को प्रोत्साहित किया जा सके।
- विज्ञान, गणित एवं प्रौद्योगिकी को विद्यार्थियों के लिए रोमांचक बनाना, उन्हें खोज के लिए प्रोत्साहित करना एवं विद्यालय के अन्दर व बाहर की गतिविधियों का समन्वयन कर प्रभावी गतिविधि आधारित अध्ययन पर बल देना।
- विद्यार्थियों द्वारा अनुभव आधारित गतिविधियों को बढावा देना।
- विद्यार्थियों में वैज्ञानिक अर्न्तदृष्टि, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, जिज्ञासा, विज्ञान विषय में अभिरूचि, विकसित करना।
- विद्यार्थियों में विज्ञान विषय के प्रति गहरी समझ विकसित करना।
- विद्यार्थियों को विज्ञान, गणित व प्रौद्योगिकी में सक्षम बनने के लिए प्रेरित करना एवं उन्हें इन विषयों से जोड़ना जिससे इन्हें अवलोकन, प्रयोग द्वारा निष्कर्ष पर पहुंचना, मॉडल निर्माण, तर्कशक्ति का विकास, जांच एवं परीक्षा इत्यादि हेतु सक्षम बनाया जा सके।
- प्रत्येक विद्यार्थी में वैज्ञानिक व्यवहार एवं तार्किक दृष्टीकोंण को विकसित करना।
- विद्यार्थियों में विज्ञान, गणित व प्रौद्योगिकी को सीखने के लिए जिज्ञासा, उत्साह व अन्वेषण का माहौल तैयार करना।

Signature Not Verified

Digitally signed by Anupama Jorwal
Designation : State Project Director
Date: 2025.07.02 15:37:50 IST
Reason: Approved



RajKaj Ref No.: 16065273

वर्ष 2025–26 में कक्षा 6 से 12 के विद्यार्थियों के लिये जिला एवं राज्य स्तर पर विज्ञान मेला, क्विज प्रतियोगिता एवं पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन करवाया जायेगा जिसके लिये 1.5 लाख रुपये प्रति जिला बजट प्रावधान किया गया है।

1. विज्ञान मेलों के आयोजन हेतु विस्तृत दिशा निर्देश आरएससीईआरटी, उदयपुर द्वारा जारी किये जायेंगे जिसके लिये निम्नानुसार समिति गठित की जाती है :
    - उपायुक्त (आरएए), राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्, जयपुर।
    - वित्तीय सलाहकार, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद् का प्रतिनिधि।
    - प्रभारी विज्ञान एवं गणित संकाय, आरएससीईआरटी, उदयपुर।
    - प्रभारी विज्ञान प्रदर्शनी निदेशालय माध्यमिक शिक्षा, बीकानेर।
    - उपनिदेशक (आरएए), राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्, जयपुर।
    - सहायक निदेशक (आरएए), राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्, जयपुर।
    - संकाय प्रभारी, विज्ञान मेला, आरएससीईआरटी, उदयपुर।
    - सहायक परियोजना समन्वयक–1, आरएससीईआरटी द्वारा नामित।

    इस संबंध में जिलेवार बजट की सूची **परिशिष्ट अ** संलग्न है।
2. विज्ञान मेले हेतु दिशा निर्देश उक्त समिति द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित कर तैयार किये जायेंगे जो आरएससीईआरटी, उदयपुर द्वारा जारी किये जायेंगे। संकाय प्रभारी, विज्ञान मेला, आरएससीईआरटी, उदयपुर यह सुनिश्चित करेंगे कि 15 जुलाई, 2025 तक विज्ञान मेले आयोजन हेतु दिशा निर्देश जारी कर दिये जायें। उक्त दिशा निर्देशों के आधार पर ही जिला एवं राज्य स्तर पर विज्ञान मेलों का आयोजन किया जायेगा। उक्त समिति के सदस्य जिला एवं राज्य स्तर पर आयोजित विज्ञान मेलों का पर्यवेक्षण भी करेंगे।
3. जिला स्तरीय विज्ञान मेले में आयोजित की जाने वाली गतिविधियों का विवरण आर.एस.सी.ई.आर.टी, उदयपुर द्वारा जारी दिशा–निर्देश में दिया जायेगा।
4. जिला स्तरीय विज्ञान मेलों का आयोजन सितम्बर से अक्टूबर 2025 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण कर लिया जाये।
5. विज्ञान मेलों के लिए जिला शिक्षा अधिकारी, माध्यमिक (मुख्यालय) प्रभारी अधिकारी होंगे एवं अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा सह प्रभारी होंगे।
6. विज्ञान मेलों के आयोजन हेतु राशि सीधे ही परिषद् द्वारा जिलों को उपलब्ध करायी जायेगी। जिले द्वारा आयोजक संस्था को गतिविधि आयोजन से पूर्व राशि हस्तान्तरित की जायेगी। जिस माह में विज्ञान मेले का आयोजन होगा उसी माह में जिले द्वारा व्यय की प्रविष्टि प्रबंध पोर्टल पर दर्ज कराया जाना अनिवार्य होगा।
7. दिशा निर्देशों में दर्शाई गई राशियों एवं दरों अनुसार भुगतान स्वीकृति जारी होने तथा राशि हस्तांतरण उपरांत ही विज्ञान मेले/क्विज प्रतियोगिता आयोजित की जा सकेगी।



RajKaj Ref No.: 16065273

8. जिलों के अतिरिक्त राज्य स्तर पर विज्ञान मेला आयोजित किया जायेगा। मेले हेतु प्रत्येक जिले की स्वीकृत राशि से 15 प्रतिशत राशि कम कर उपलब्ध कराई जावेगी।

9. रू. 50,000/– (अक्षरे पचास हजार रूपये मात्र) आरएससीईआरटी को प्रशासनिक व्यय हेतु प्रदान किये जायेंगे। उक्त राशि का उपयोग विज्ञान मेलों के प्रबंधन, पर्यवेक्षण, कार्यशालाएं, वाहन उपयोग आदि कार्य हेतु नियमानुसार उपयोग किया जायेगा। जिसका उपयोगिता प्रमाण पत्र आरएससीईआरटी द्वारा राज्य स्तरीय विज्ञान मेले की समाप्ति के 15 दिवस उपरान्त परिषद् को उपलब्ध कराया जायेगा। जारी की गयी राशि 50,000/– रुपये का उपयोगिता प्रमाण पत्र आरएससीईआरटी द्वारा 10 मार्च, 2026 से पूर्व परिषद् को उपलब्ध कराया जायेगा। गतिविधि की शेष अतिरिक्त राशि राज्य स्तरीय विज्ञान मेले के आयोजन हेतु आयोजक जिले को उपलब्ध करायी जायेगी। जो कि विज्ञान मेला. सेमीनार एवं क्विज प्रतियोगिता के राज्य स्तरीय कार्यक्रम संयोजक को उपलब्ध करायी जायेगी।

10. मेलों में संभागियों के चयन के मानदण्ड, प्रक्रिया एवं अंतिम परिणाम पोर्टल पर अपलोड किये जायेंगे।

11. जिला एवं राज्य स्तरीय मेले के फोटोग्राफ आर.एस.सी.ई.आर.टी., उदयपुर को भेजे जायेंगे।

## उपयोगिता प्रमाण–पत्र

उपयोगिता प्रमाण–पत्र गतिविधि समाप्ति के 15 दिवस के अन्दर परिषद् को उपलब्ध कराया जायेगा। जिले द्वारा उसी माह में व्यय प्रबंध पोर्टल पर दर्ज किया जायेगा। निर्धारित प्रपत्र में उपयोगिता प्रमाण–पत्र के साथ अवशेष राशि यदि कोई हो तो वापस भिजवाई जायेगी।

## गतिविधियों की मॉनिटरिंग

- अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक कार्यालय/सीबीईओ/पीईईओ द्वारा नियमित रूप से राष्ट्रीय आविष्कार अभियान की समस्त गतिविधियों की मॉनीटरिंग की जाए।

## लेखा संबंधित निर्देश

- जिस मद में राशि उपलब्ध कराई जा रही है व्यय उसी मद में किया जावे।
- व्यय राशि का उपयोगिता प्रमाण–पत्र निर्धारित प्रारूप में भिजवाया जाना सुनिश्चित करें।
- राशि का उपयोग योजना के दिशा निर्देश, एमओई गाईड लाइन एवं लोक उपापन में पादर्शिता अधिनियम 2012 एवं नियम 2013 एवं वित्तीय नियमों की पूर्ण पालना करते हुये विहित प्रक्रिया अनुसार किया जाना सुनिश्चित किया जावे।
- पीएमश्री के तहत राष्ट्रीय आविष्कार अभियान की समस्त गतिविधियां जनवरी, 2026 तक पूर्ण की जायें।



RajKaj Ref No.: 16065273

## बजट मद

विज्ञान मेला, क्विज प्रतियोगिता, सेमीनार एवं पुस्तक प्रदर्शनी के आयोजन हेतु बजट प्रवधान निम्नानुसार अनुमोदित हैः–

| क्र.सं. | गतिविधि | Physical | Unit Cost | बजट प्रावधान रू | क्रियान्वयन का स्तर |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रारम्भिक से उच्च माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों हेतु विज्ञान मेला, क्विज प्रतियोगिता, सेमीनार एवं पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन **(कक्षा 6–12)** | 42 | 1,50,000 / – | 63,00,000 / – | जिला स्तर पर (41) एवं राज्य स्तर पर (01) |

### राष्ट्रीय आविष्कार अभियान की गतिविधियों के क्रियान्वयन की टाइम लाइन निम्नानुसार है –

| | |
|---|---|
| विज्ञान मेला / विज्ञान प्रदर्शनी, क्विज प्रतियोगिता एवं पुस्तक प्रदर्शनी | RSCERT उदयपुर द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार |

**Activity calendar with timeline RAA: 2025-26**

| Sub-Activities | Apl | May | June | July | Aug | Sep | Oct | Nov | Dec | Jan | Feb | Mar |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| विज्ञान मेला / विज्ञान प्रदर्शनी, क्विज प्रतियोगिता एवं पुस्तक प्रदर्शनी | | | | Y | Y | Y | | | | | | |

**(अनुपमा जोरवाल)**
**राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त**

**क्रमांक : रास्कूशिप / जय / RAA/ समग्र दिशानिर्देश/2025–26 /** **दिनांक :**

**प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –**

1. निजी सचिव, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा, राजस्थान सरकार, जयपुर।
2. निजी सचिव, राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त, समग्र शिक्षा, जयपुर।
3. निजी सचिव, निदेशक माध्यमिक शिक्षा / प्रारम्भिक शिक्षा,राजस्थान बीकानेर।
4. निजी सहायक, निदेशक आरएससीईआरटी, उदयपुर।
5. निजी सहायक, निदेशक, अति. राज्य परियोजना निदेशक–प्रथम / द्वितीय समग्र शिक्षा, जयपुर।
6. अति० निदेशक, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर।
7. जिला प्रभारी, समस्त राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर।
8. प्रोग्रामर, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर।
9. संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा, समस्त संभाग।
10. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक, समस्त जिले।
11. अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा, समस्त जिले।
12. प्रधानाचार्य, डाइट, समस्त जिले।
13. मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, समस्त ब्लॉक।
14. UCEEO/PEEO, समस्त।
15. कार्यालय प्रति।



RajKaj Ref No.: 16065273

**Science Exhibition / Book Fair (माध्यमिक) पीएबी 2025–26 में आवंटित बजट**

| S.N. | District | Science Exhibition / Book Fair | | |
|---|---|---|---|---|
| | | Unit Cost (In lakhs) | Physical | Financial (In lakhs) |
| 1 | AJMER | 1.50 | 1 | 1.50 |
| 2 | ALWAR | 1.50 | 1 | 1.50 |
| 3 | BALOTARA | 1.50 | 1 | 1.50 |
| 4 | BANSWARA | 1.50 | 1 | 1.50 |
| 5 | BARAN | 1.50 | 1 | 1.50 |
| 6 | BARMER | 1.50 | 1 | 1.50 |
| 7 | BEAWAR | 1.50 | 1 | 1.50 |
| 8 | BHARATPUR | 1.50 | 1 | 1.50 |
| 9 | BHILWARA | 1.50 | 1 | 1.50 |
| 10 | BIKANER | 1.50 | 1 | 1.50 |
| 11 | BUNDI | 1.50 | 1 | 1.50 |
| 12 | CHITTAURGARH | 1.50 | 1 | 1.50 |
| 13 | CHURU | 1.50 | 1 | 1.50 |
| 14 | DAUSA | 1.50 | 1 | 1.50 |
| 15 | DEEG | 1.50 | 1 | 1.50 |
| 16 | DHAULPUR | 1.50 | 1 | 1.50 |
| 17 | DIDWANA-KUCHAMAN | 1.50 | 1 | 1.50 |
| 18 | DUNGARPUR | 1.50 | 1 | 1.50 |
| 19 | GANGANAGAR | 1.50 | 1 | 1.50 |
| 20 | HANUMANGARH | 1.50 | 1 | 1.50 |
| 21 | JAIPUR | 1.50 | 1 | 1.50 |
| 22 | JAISALMER | 1.50 | 1 | 1.50 |
| 23 | JALOR | 1.50 | 1 | 1.50 |
| 24 | JHALAWAR | 1.50 | 1 | 1.50 |
| 25 | JHUNJHUNU | 1.50 | 1 | 1.50 |
| 26 | JODHPUR | 1.50 | 1 | 1.50 |
| 27 | KARAULI | 1.50 | 1 | 1.50 |
| 28 | KHAIRTHAL-TIJARA | 1.50 | 1 | 1.50 |
| 29 | KOTA | 1.50 | 1 | 1.50 |
| 30 | KOTPUTLI-BEHROR | 1.50 | 1 | 1.50 |
| 31 | NAGAUR | 1.50 | 1 | 1.50 |
| 32 | PALI | 1.50 | 1 | 1.50 |
| 33 | PHALODI | 1.50 | 1 | 1.50 |
| 34 | PRATAPGARH (RAJ.) | 1.50 | 1 | 1.50 |
| 35 | RAJSAMAND | 1.50 | 1 | 1.50 |
| 36 | SALUMBAR | 1.50 | 1 | 1.50 |
| 37 | SAWAI MADHOPUR | 1.50 | 1 | 1.50 |
| 38 | SIKAR | 1.50 | 1 | 1.50 |
| 39 | SIROHI | 1.50 | 1 | 1.50 |
| 40 | TONK | 1.50 | 1 | 1.50 |
| 41 | UDAIPUR+RSCERT | 1.50 | 2 | 3.00 |
| **Grand Total** | | | **42** | **63.00** |

Signature Not Verified

Digitally signed by Anupama Jorwal
Designation : State Project Director
Date: 2025.07.02 15:37:50 IST
Reason: Approved



RajKaj Ref No.: 16065273